हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

13 निकाले गए कर्मचारियों ने विधायक के समक्ष लगाई गुहार



14 5.26 करोड़ की ड्रेन योजना 3 साल बाद भी अधूरी...



**बरसात से किसानों के चेहरे खिले**

# प्री-मानसून की झमाझम बारिश से राहत, दरकती जमीन को मिली सांसें, 20 जून तक बरसात के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को जिले में प्री-मानसून की झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। सुबह करीब 9 बजे शुरू हुई बारिश लगभग एक घंटे तक लगातार होती रही। बारिश से पहले आसमान में घने काले बादल छा गए और देखते ही देखते मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। मई माह से शुरू हुई भीषण गर्मी से यहां से धान वाली जमीन दरक रही थी। इस प्री मानसून की बरसात से धान उत्पादक किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। दूसरी ओर बरसात के कारण शहर के निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। सडक़ों पर हुए जलभराव से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## शहर के निचले इलाकों में जलभराव, वाहन चालकों को हुई परेशानी

### एक घंटे की बरसात से खेतों में पहुंची नमी

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग ने 17 जून को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन मौसम ने इससे पहले ही करवट ले ली। इससे पहले रविवार को हल्की बूंदाबांदी और तेज आंधी के साथ बादल तो छाए थे, लेकिन उस दिन अच्छी बारिश नहीं हो सकी थी। मंगलवार को आखिरकार बादल जमकर बरसे और शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश का असर देखने को मिला। इस बारिश का सबसे अधिक फायदा किसानों को मिला है। पिछले कुछ दिनों से तेज धूप और गर्मी के कारण खेतों की मिट्टी सूखकर दरकने लगी थी। ऐसे में प्री-मानसून की इस बरसात ने खेतों को नई ऊर्जा दी है। किसानों का कहना है कि बारिश से जमीन में पर्याप्त नमी पहुंची है, जिससे धान की रोपाई और अन्य खरीफ फसलों की तैयारियों में आसानी होगी। सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी कम होगा।





फतेहाबाद। शहर में हुई बरसात। फोटो : हरिभूमि

### धान की रोपाई को मिलेगा लाभ

**फतेहाबाद।** हरियाणा में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में 20 जून तक लगातार बारिश होने की संभावना जताई गई है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) हिसार के मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा और बीच-बीच में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में नमी बढ़ी है, जिससे कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की जा सकती है। आगामी दिनों में होने वाली बारिश किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी, विशेष रूप से धान उत्पादक क्षेत्रों के किसानों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

# चोपटा क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में हुई बारिश, किसानों को मिली राहत

**चोपटा।** क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में बारिश के बाद किसानों के चेहरों पर खुशी छा गई। अब इन गांवों में सिंचाई अभाव में खाली पड़ी बरानी जमीन पर ग्वार और बाजरे की बिजाई की जा सकेगी। किसानों का कहना है कि नहरी पानी की कमी के चलते जमीन में बिजाई नहीं हो पा रही थी अब बारिश हो गई है तो बिजाई की जा सकेगी। साथ ही 22 हजार हेक्टेयर एस खड़ी नरमा व कपास की फसल को काफी फायदा होगा। चोपटा क्षेत्र में कुम्हारिया, खेड़ी, कागदाना, रामपुरा बगडिय़ा, जसानिया, राजपुर साहनी, गुसाईआना, जमाल, जोड़कियां सहित कई गांवों में बारिश हुई। किसान महेंद्र सिंह, सुभाष, जगदीश, विकास कुमार आदि का कहना है कि बरानी जमीन में ग्वार व बाजरे की बिजाई का नहीं हो पा रही थी। जिस खेत खाली पड़े थे। उन्होंने जमीन को बिजाई के लिए तैयार कर रखा था लेकिन पानी की कमी के चलते बिजाई कर पाना मुश्किल हो रहा था। अब बारिश हो गई है तो ग्वार और बाजरे की बिजाई की जा सकेगी। पशुओं के लिए हरे चारे की भी कमी नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि भगवान ने उनकी सुन ली है। अब बारिश हो गई है और अब खेतों में हरियाली छा जाएगी। गौरतलब है की राजस्थान की सीमा से सटे हरियाणा के दर्जन भर गांवों बारिश होने से नरमें और कपास की फसल को भी फायदा होगा। कृषि विकास अधिकारी शैलेंद्र सहारण का कहना है कि ग्वार ओर बाजरे, मूंगफली, मूंग की फसल की बिजाई का समय है और अब बारिश हुई है तो बिजाई करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। क्षेत्र में इस बार नरमें और कपास की बिजाई करीब 22 हजार हेक्टेयर में हुई है ईल फसल को बारिश ले फायदा होगा।

## 6 साल की यशवी ने भी तोड़ा दम, मृतकों की संख्या बढ़कर 7 हुई

# मताना गांव में एक साथ उठीं दादा, दादी और पोते की अर्थियां, चीत्कारों से दहला आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नियति जब क्रूर खेल खेलती है, तो हंसते-खेलते परिवार पल भर में मलबे के ढेर में तब्दील हो जाते हैं। राजस्थान के बीकानेर में हुए भीषण सडक़ हादसे ने फतेहाबाद के मताना गांव को ऐसा कभी न भूलने वाला जख्म दिया है, जिसे देखकर हर आंख पथरा गई। मंगलवार को जब गांव मताना में सीनियर अकाउंटेंट ओमप्रकाश, उनकी पत्नी सोरमा देवी और मासूम पोते रोनित के शव एक साथ पहुंचे, तो पूरे गांव में कोहराम मच गया। जिस घर से 15 दिन पहले ही रिटायरमेंट की खुशियों की शहनाई गूंजी थी, वहां से एक साथ अर्थियां उठीं। शवों को देखकर इकलौता बेटा सुरेंद्र बार-बार बेहोश हो रहा था। ग्रामीणों ने ढांढस बंधाकर उससे अंतिम क्रियाएं पूरी करवाईं। बिश्नोई समाज की परंपरा के अनुसार, गांव के श्मशान घाट में तीनों शवों को बराबर-बराबर कब्र खोदकर एक साथ दफनाया गया। बेटे सुरेंद्र ने अश्रुपूरित आंखों से माता-पिता और अपने कलेजे के टुकड़े को मिट्टी दी। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर वहां मौजूद हजारों ग्रामीणों के आंसू नहीं रुक रहे थे। हादसे का शिकार हुई खुशी और तनवी को भूना में और प्रमिला का अग्रोहा में अंतिम विदाई दी गई।

*शवों को देखकर इकलौता बेटा बार-बार हो रहा था बेहोश*



फतेहाबाद। गांव मताना में मृतकों को अंतिम विदाई देते ग्रामीण।



फतेहाबाद। हादसे का शिकार हुए ओमप्रकाश व उनकी पत्नी।

### 15 दिन पहले सेवानिवृत्ति पर पर बंटी थीं मिठाइयां, आज वहां पसरा मातम

जिला विकास एवं पंचायत विभाग में सीनियर अकाउंटेंट पद से रिटायर हुए ओमप्रकाश ने गत 31 मई को ही अपनी सेवानिवृत्ति का जश्न मनाया था। लघु सचिवालय के डीपीआरसी हॉल में हुए भव्य समारोह में 300 से अधिक लोग उनकी इस नई पारी की शुरुआत की बधाई देने पहुंचे थे। 1992 में चंडीगढ़ में क्लर्क के तौर पर भर्ती हुए ओमप्रकाश बेहद मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे। सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे जब वे मुकाम धाम से लौट रहे थे, तो श्रीडूंगरगढ़ के हेमासर के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को सामने से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस को कटर से गाड़ी की खिड़कियां काटकर शवों को बाहर निकालना पड़ा।



### दर्दनाक हादसे ने उजाड़ा पूरा परिवार

इस दर्दनाक हादसे में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर अब 7 हो गया है। वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रही ओमप्रकाश की 6 साल की दोहती यशवी ने भी मंगलवार अलसुबह करीब 2 बजे बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में दम तोड़ दिया। यशवी की मां प्रमिला की हादसे के दिन ही मौत हो गई थी। इस तरह अग्रोहा निवासी अमित सुथार का तो पूरा संसार ही उजड़ गया; हादसे ने उनकी पत्नी प्रमिला और इकलौती बेटी यशवी को हमेशा के लिए छीन लिया। वहीं ओमप्रकाश की दूसरी बेटी बाला देवी की दो बेटियों खुशी और तन्वी की भी इस हादसे में मौत हो चुकी है।

### हादसे ने लील लीं तीन पीढ़ियां, सूना हुआ आंगन

स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां होने के कारण ओमप्रकाश की दोनों बेटियों के बच्चे अपने ननिहाल आए हुए थे। बड़ी बेटी बाला देवी गर्भवती होने के कारण घर पर ही रुक गई थीं, जिससे उनकी जान बच गई, लेकिन उनके पति संदीप सुथार (साइंस टीचर) और वे खुद अब अपनी दोनों बेटियों खुशी व तन्वी को खो चुकी हैं। इस भीषण हादसे के बाद केवल बेटा सुरेंद्र, उसकी पत्नी और एक पोती ही जीवित बचे हैं।

### ग्रामीण बोले : 60 साल के इतिहास का सबसे काला दिन

मताना गांव के सरपंच दलबीर वर्मा सहित तमाम ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन के पिछले 60 वर्षों में ऐसा दर्दनाक मंजर कभी नहीं देखा। पूरा गांव इस समय स्तब्ध और शोकाकुल है। हर घर में चूल्हा तक नहीं जला है। ग्रामीण इस दिन को गांव के इतिहास का सबसे काला दिन मान रहे हैं, जिसने एक ही झटके में तीन पीढ़ियों को खत्म कर दिया।



### डीएवी स्कूल की छात्राएं थीं 10 वर्षीय यशवी और 6 वर्षीय खुशी

- भूना के शिक्षक परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, नम आंखों से दी अंतिम विदाई

भूना। राजस्थान में हुए भीषण सड़क हादसे ने भूना के एक शिक्षक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। गर्मी की छुट्टियां बिताने ननिहाल गईं दो मासूम बहनें, 10 वर्षीय यशवी और 6 वर्षीय खुशी, अब कभी अपने घर नहीं लौटेंगी। हादसे में दोनों बच्चियों समेत परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। मंगलवार को सैकड़ों नम आंखों के बीच दोनों बहनों का अंतिम संस्कार किया गया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। यशवी डीएवी पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में कक्षा पांचवीं तथा खुशी पहली कक्षा की छात्रा थी। दोनों अपनी मां बाला देवी के साथ 5 जून को छुट्टियां मनाने गांव मताना स्थित ननिहाल गई थीं।



टोहाना। एसडीएम से मिलने पहुंचे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# टोहाना के दो गांवों में आंधी के बाद 10 दिन से ब्लैकआउट

- बिजली-पानी के संकट से बेहाल ग्रामीण एसडीएम से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

टोहाना उपमंडल के गांव जमालपुर और खनोरा में पिछले 10 दिनों से जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। बीती 8-9 जून को क्षेत्र में आई भीषण आंधी और तूफान के बाद से दोनों गांवों में बिजली और पानी का ऐसा गंभीर संकट गहराया है कि ग्रामीणों के सब्र का बांध अब टूट चुका है। आंधी के कारण समैण से आने वाली मुख्य बिजली लाइन के करीब 50 से 60 पोल जमींदोज हो गए थे, जिसके बाद से आज तक दोनों गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच पिछले 10 दिनों से अंधेरे में काट रहे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। बिजली गुल होने का सीधा असर पेयजल आपूर्ति पर पड़ा है। गांवों और दूर-दराज के खेतों में बनी ढाणियों में इंसानों के साथ-साथ मवेशियों के लिए भी पीने के पानी की बूंद-बूंद की किल्लत हो गई है। जमींदारों ने खेतों में धान की जो पनीरी तैयार की थी, वह पानी न मिलने के कारण अब खेतों में ही सूखने की कगार पर है।

### सुनाई आपबीती

समस्या के समाधान को लेकर मंगलवार को दोनों गांवों के सैकड़ों ग्रामीण सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण सैनी के नेतृत्व में टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा से मिले और उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। ग्रामीणों ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन जर्जर और कमजोर पोलों को बदलने के लिए उन्होंने छह महीने पहले ही विभाग को लिखित में दरख्वास्त दी थी, लेकिन अधिकारियों ने इसे ठंडे बस्ते में डाले रखा। अगर समय रहते कार्रवाई होती तो आज यह नौबत न आती। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस संबंध में जिला उपायुक्त फतेहाबाद, बिजली निगम के एसई, एक्सईएन और एसडीएम को कई बार लिखित शिकायतें सौंप चुके हैं, लेकिन हर बार सिवाय आश्वासन के कुछ हाथ नहीं लगा।

### दोबारा दिया आश्वासन

ग्रामीण मिठू राम ने बताया कि 5-6 दिन पहले भी वे अधिकारियों से मिले थे, तब सोमवार तक समाधान का भरोसा दिया गया था, लेकिन मंगलवार तक मौके पर काम शुरू करना तो दूर, कोई संतोषजनक जवाब तक नहीं मिला। एसडीएम आकाश शर्मा ने उन्हें दोबारा आश्वस्त किया है कि अगले 3 दिनों के भीतर खेतों और गांवों की बिजली व्यवस्था को हर हाल में बहाल कर दिया जाएगा।

# गोशाला प्रधान पर दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले के एक गांव की दलित युवती ने गांव स्थित एक गौशाला के प्रधान पर दुष्कर्म, अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार के परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए वह दिसंबर 2025 से गांव की एक गोशाला में काम करने लगी थी। युवती का आरोप है कि गोशाला का प्रधान शुरुआत से ही उस पर गलत नजर रखता था।

### चाय में नशीला पदार्थ मिलाने का आरोप

एसपी को दी शिकायत में युवती ने बताया कि जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में वह गौशाला के एक कमरे में चाय बना रही थी। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर उसकी चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। चाय पीने के बाद वह बेहोश हो गई। युवती का आरोप है कि जब उसे होश आया तो आरोपी ने उसे कुछ अश्लील फोटो और वीडियो दिखाए और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर चुप रहने का दबाव बनाया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग, अश्लील फोटो और वीडियो बनाने, सोशल मीडिया पर बदनाम करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोपों में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में महिला थाना प्रभारी अरुणा ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एसपी कार्यालय से मंगलवार को शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है और पीड़िता को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

# टोहाना बस हादसा, 3 की मौत के मामले में चालक-परिचालक दोनों गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव अमानी के पास सोमवार को चालक परिचालक की लापरवाही से विशाल टूर एंड ट्रेवल की बस पलटने से हुए दर्दनाक हादसे में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 28 यात्री घायल हुए थे। पुलिस ने बस के चालक और परिचालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को हिसार जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि हादसे के समय बस को ड्राइवर नहीं, बल्कि परिचालक चला रहा था। ड्राइवर लखविंदर साइड में बैठा था। बस की तेज गति होने के चलते परिचालक उसे कंट्रोल नहीं कर पाया और बस सडक़ पर झोले मारते हुए इसी लापरवाही के चलते अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। सदर थाना प्रभारी बीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक परिचालक जयविंदर है, जो लहरिया गांव का रहने वाला है।

# एग्रो डिस्कॉम बनाने के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

हरियाणा सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र में हरियाणा एग्रो डिस्कॉम बनाने के फैसले के विरोध में ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन ने गेट मीटिंग कर रोष जताया। प्रदर्शन के दौरान गुस्साए बिजली कर्मचारियों ने एग्रो डिस्कॉम की प्रतियां जलाई और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सब अर्बन सब यूनिट प्रधान सतपाल सिंह भड़ोलांवाली ने की, जबकि मंच संचालन सचिव प्रेम शर्मा ने किया। गेट मीटिंग में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे सर्कल सचिव भूप सिंह भड़ोलांवाली ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अलग से हरियाणा एग्रो डिस्कॉम बनाने और बिजली वितरण क्षेत्र में निजी कंपनियों को समानांतर लाइसेंस देने की योजना के भविष्य में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



रतिया। बिजली कर्मचारियों को संबोधित करते सर्कल सचिव भूप सिंह भड़ोलांवाली।

# 40 लाख की जालसाजी मामला में एक और आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस की इकोनॉमिक सेल ने जालसाजी और जाली दस्तावेज तैयार कर 40 लाख रुपये की संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी करने के मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए मामले के आरोपी रामफल निवासी खासा महाजन, जिला हिसार को काबू किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस अब तक कुल तीन आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि रतिया के न्यू टाउन निवासी किरण सिंगला ने पुलिस को एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने मिलीभगत करके किरण सिंगला के जाली हस्ताक्षर किए और उनकी 40 लाख मूल्य की संपत्ति का एक फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर लिया। इतना ही नहीं, शातिर आरोपियों ने इस जाली दस्तावेज में यह भी दर्शा दिया कि उन्होंने किरण सिंगला को 15 लाख की बयाना राशि भी दे दी है।



## चार व्यावसायिक फर्मों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाने की बात पर गरमाया माहौल

# फतेहाबाद सब्जी मंडी व मार्केट कमेटी कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की रेड, रिकॉर्ड खंगालने पर दुकानदारों से बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सीएम फ्लाइंग हिसार की टीम ने मंगलवार को फतेहाबाद की नई सब्जी मंडी में औचक छापेमारी की। मंडी में बड़े स्तर पर अनियमितताएं होने की गुप्त शिकायतों के मद्देनजर यह विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी विक्रमजीत सिंह भादू के नेतृत्व में पहुंची टीम ने पूरे मंडी परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड और व्यावसायिक गतिविधियों की गहनता से जांच की। इस रेड के लिए मार्केट कमेटी बरवाला के सचिव मनदीप राणा तथा मार्केट कमेटी फतेहाबाद के सचिव अमित रोहिल्ला की एक संयुक्त टीम गठित की गई थी। टीम ने सब्जी मंडी में चल रहे कार्यों का मौके पर निरीक्षण करते हुए संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल की। मंडी परिसर में चेकिंग पूरी करने के बाद संयुक्त टीम मार्केट कमेटी कार्यालय फतेहाबाद पहुंची, जहां रिकॉर्ड का सत्यापन और जरूरी दस्तावेजों को खंगालने का काम किया गया।



फतेहाबाद। सब्जी मंडी में जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो : हरिभूमि

### बेवजह दबाव बनाने का भी लगाया आरोप

*सब्जी मंडी में जांच प्रक्रिया के दौरान उस समय माहौल गरमा गया जब मार्केट कमेटी के सचिव अमित रोहिल्ला ने चार व्यावसायिक फर्मों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाने की बात कही। इस बात से नाराज होकर एक दुकानदार अधिकारियों से बहस करने लगा। दुकानदार का तर्क था कि जब पक्की बही में सभी एंट्री नियमानुसार दर्ज हैं, तो फिर किस बात का जुर्माना लगाया जा रहा है। उसने अधिकारियों पर बेवजह दबाव बनाने का आरोप भी लगाया, जिसके बाद मौके पर मौजूद अन्य दुकानदारों ने बीच-बचाव कर उसे शांत करवाया।*



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

## लाइफ Style



# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्स: डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

***नई दिल्ली।*** *फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



***बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :*** *इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

## आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

***नई दिल्ली।*** *हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।



## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुनानकपुरा चौकी फतेहाबाद पुलिस ने 6.70 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक को काबू किया है। गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध जांच के दौरान रतिया चुंगी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि खान मोहम्मद निवासी जसपाल सिंह हेरोइन बेचने का अवैध कारोबार करता है । सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

### तोड़फोड़ व मारपीट के मामले में दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गुरुनानकपुरा चौकी पुलिस ने घर में घुसकर तोडफ़ोड़, मारपीट व नकदी छीनने के मामले में दो और आरोपियों को काबू किया है। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पकड़े गए युवकों की पहचान शक्ति नगर फतेहाबाद निवासी बलविंदर सिंह उर्फ बिट्टू तथा राम सिंह उर्फ गोली के रूप में हुई है।

### निर्माण कार्य को लेकर वार्डवासियों में रोष

**फतेहाबाद।** शहर के शिव चौक के सामने बलवीर वाली गली में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय वार्डवासियों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए विरोध जताया। सूचना मिलने पर वार्ड पार्षद मौके पर पहुंचे और क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा, जिससे भविष्य में परेशानी खड़ी हो सकती है। इस संबंध में जब मौके पर मौजूद ठेकेदार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि वे केवल पैचवर्क का कार्य कर रहे हैं। ठेकेदार के अनुसार विभाग द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं, उसी के तहत कार्य किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच करवाने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है।

### शिव शक्ति ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर 18 को

**सिरसा।** स्वर्णकार समाज वैलफेयर सोसायटी एवं जिला पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 18 जून को शिव शक्ति ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थापक सुखविंद्र सोनी ने बताया कि शिविर को लेकर समाज के महानुभावों की मीटिंग की गई, जिसमें कैंप को लेकर विचार-विमर्श किया गया। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप तथा सरप्रस्त के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट अपनी मौजूद रहेंगे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी चंद घंटों में पकड़ा

**फतेहाबाद।** नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के संगीन मामले में महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान भाटिया कॉलोनी, फतेहाबाद निवासी सूरज पुत्र शंकर लाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की कड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर उसे काबू किया है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि पीड़ित नाबालिग लडक़ी की मां ने महिला थाना में आकर एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी सूरज ने उसकी नाबालिग बेटी को अपनी हवस का शिकार बनाया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बालिका से जुड़े इस संवेदनशील मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग तुरंत हरकत में आया।

## वेतन बढ़ाने की मांग के बाद नौकरी छीनने का आरोप

# निकाले गए कर्मचारियों ने विधायक दौलतपुरिया के समक्ष लगाई गुहार

### कॉलेज मैनेजमेंट से बात करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

एमएम कॉलेज से अचानक नौकरी से निकाले गए गैर-शिक्षण कर्मचारियों का संकट गहराता जा रहा है। रोजगार छिनने से नाराज और बेबस कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल फतेहाबाद के कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया से उनके निवास स्थान पर मिला और उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। पिछले डेढ़ से दो दशकों से अपनी सेवाएं दे रहे इन कर्मचारियों ने विधायक के सामने गुहार लगाते हुए कहा कि मैनेजमेंट ने वित्तीय संकट का हवाला देकर एक झटके में उन्हें सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है, जिससे उनके परिवारों के सामने आजीविका का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया से मुलाकात के दौरान पीड़ित कर्मचारी विनोद, रवि, संतोष, भीम, राजेश व अन्य साथियों ने बताया कि वे पिछले 15 से 20 वर्षों से कॉलेज में पूरी निष्ठा के साथ मात्र 9800 मासिक वेतन पर काम कर रहे थे। इतनी कम तनख्वाह में गुजारा मुश्किल होने के कारण उन्होंने पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सैनी को एक पत्र भेजकर अपना वेतन बढ़ाने की मांग की थी। कर्मचारियों ने बताया कि इससे पहले कॉलेज मैनेजमेंट भी उन्हें कई बार आश्वासन दे चुकी थी कि उनकी तनख्वाह बढ़ाई जाएगी, लेकिन वेतन बढऩे की बजाय अब अचानक कॉलेज में वित्तीय संकट की बात कहकर उन्हें नौकरी से ही कार्यमुक्त कर दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि इतने वर्षों की सेवा के बाद इस तरह अचानक निकाला जाना उनके साथ सरासर अन्याय है।



फतेहाबाद। कॉलेज के बाहर धरना देते हटाए गए कर्मचारी।

### किसी के साथ गलत नहीं होने दूंगा : बलवान

कर्मचारियों की दर्दभरी दास्तां सुनने के बाद विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने उन्हें पूरी तरह आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति या कर्मचारी को प्रताड़ित महसूस नहीं करने दिया जाएगा। अगर किसी के साथ भी गलत हुआ है, तो वह उसके हक के लिए डटकर खड़े रहेंगे। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि वे इस पूरे विषय को लेकर जल्द ही कॉलेज मैनेजमेंट से सीधी बात करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इस गंभीर मामले को मुख्यमंत्री नायब सैनी के संज्ञान में भी लाया जाएगा ताकि कर्मचारियों को उनका रोजगार वापस मिल सके।

### पूर्व विधायक और भाजपा जिला प्रधान को भी दी मामले की जानकारी

मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विनोद, रवि, संतोष, भीम और राजेश ने बताया कि वे अपने हक की लड़ाई के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम और मैनेजमेंट के इस तानाशाही रवैये की जानकारी फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम और भाजपा जिला प्रधान एडवोकेट प्रवीण जोड़ा को भी दे दी है, ताकि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर उनकी रोजी-रोजी को उजडऩे से बचा सकें।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। 16 से 18 जून तक आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन आयुष विभाग के सभी योग सहायकों, चिकित्सकों व फार्मासिस्टों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु योग प्रोटोकॉल का गहन अभ्यास किया। यह प्रशिक्षण शिविर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, योग कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती तथा योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। आयुष विभाग की पूरी टीम डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देशन में योग दिवस की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। इसके साथ-साथ ब्रह्मकुमारी आश्रम, दिव्य योग मंदिर, महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि योग समिति, विभिन्न पार्कों तथा अन्य आध्यात्मिक संस्थानों में भी योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



फतेहाबाद। तीन दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर में योगाभ्यास करते हुए नागरिक।

### शहीदी दिवस पर रक्तदान नशामुक्ति कैंप 18 को

**सिरसा।** वीर सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन सिरसा व नामधारी गुरुद्वारा समिति श्री जीवननगर और नामधारी विद्या प्रसार समिति के सहयोग से सतगुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस को समर्पित 18 जून को सुबह 10 बजे श्री जीवननगर नामधारी गुरुद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर एवं नशामुक्ति जागरूकता कैंप आयोजित किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश भिवाल ने बताया कि इस सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता के साथ-साथ युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। भिवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण मुख्यातिथि होंगे।

## गरीब परिवारों की बेटियों को ड्राइविंग लाइसेंस में रियायत मिले : दहिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



जागो संस्था के प्रदेशाध्यक्ष देवेंद्र सिंह दहिया ने सरकार से मांग की है कि आर्थिक रूप से कमजोर, बीपीएल तथा निम्न आय वर्ग के परिवारों की बेटियों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु विशेष शुल्क छूट एवं सहायता योजना लागू की जाए। वर्तमान समय में रोजगार, स्वरोजगार तथा सुरक्षित आवागमन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है, परंतु अधिक शुल्क और प्रशिक्षण व्यय के कारण अनेक गरीब परिवारों की बेटियां लाइसेंस नहीं बनवा पातीं। देवेन्द्र दहिया ने कहा कि यदि बेटियों को लाइसेंस प्राप्त करने में आर्थिक सहायता दी जाए तो उनके लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। आज विभिन्न क्षेत्रों में वाहन संचालन, वितरण सेवाओं, परिवहन तथा अन्य कार्यों में प्रशिक्षित महिला चालकों की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है। लाइसेंस होने से युवतियां आत्मनिर्भर बन सकेंगी तथा अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में भी योगदान दे सकेंगी। उन्होंने सुझाव दिया कि बीपीएल तथा आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की लड़कियों के लिए लाइसेंस शुल्क में 50 से 100 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जाए।

# रोजगार मेले में 139 युवाओं ने लिया भाग, 22 का प्राथमिक स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिला रोजगार कार्यालय द्वारा मंगलवार को डीपीआरसी हॉल में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 139 अभ्यर्थियों ने भाग लेकर सरकार द्वारा संचालित रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं का लाभ उठाया। रोजगार मेले के दौरान युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा, स्वरोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान फतेहाबाद की फैकल्टी राकेश जांगड़ा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के सहायक निदेशक प्रदीप कुमार तथा जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रोजगार मेले में श्याम बायोफर्टिलाइजर्स भिवानी, विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स पुन्नी टोहाना, एकता हनी जांडली कलां, केपी सिक्योरिटी गार्ड एंड मैनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड फतेहाबाद, एलआईसी फतेहाबाद आदि कंपनियों ने भाग लिया।



फतेहाबाद। रोजगार मेले में जानकारी लेते हुए युवा।

### सर्व कर्मचारी संघ की हुई कन्वेंशन

**फतेहाबाद।** पटवार भवन में सर्व कर्मचारी संघ की दो दिवसीय कन्वेंशन जिला उप प्रधान राजकुमार बिघड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कन्वेंशन का संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान सुरजीत दुसाद ने किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में जनवादी कार्य प्रणाली एवं कर्मचारी आंदोलन तथा राजनीति, सांप्रदायिकता, जातिवाद एवं कर्मचारी वर्ग का दर्शन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। कन्वेंशन के मुख्य वक्ता अध्यापक संघ के जिला प्रधान व सर्व कर्मचारी संघ सिरसा के जिला कोषाध्यक्ष वीर सिंह तथा अध्यापक संघ की राज्य सचिव पूनम रानी रहे। जनवादी कार्य प्रणाली पर विचार रखते हुए मुख्य वक्ता वीर सिंह ने कहा कि संगठन कर्मचारियों का किला होता है, जहां हर कर्मचारी की बात सुनी जानी जरूरी है।

# दलित बच्ची से दुराचार के मामले में दलित अधिकार मंच ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

कुरुक्षेत्र के सरकारी अस्पताल में एक दलित बच्ची के साथ हुए दुराचार के मामले को लेकर फतेहाबाद में दलित अधिकार मंच हरियाणा राज्य कमेटी के पदाधिकारियों ने गहरा रोष व्यक्त किया है। मंच ने इस जघन्य घटनाक्रम की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आरोपी डॉक्टर और उसे संरक्षण देने वाले राजनीतिक आकाओं व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। दलित अधिकार मंच हरियाणा के संयोजक रामकुमार बहबलपुरिया, शिवचरण, सावित्री, राजेंद्र, संदीप कुमार और रामचंद्र बैसी सहित अन्य पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में दलितों एवं महिलाओं पर जुल्म करने वालों को खुला संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद हैरान और परेशान करने वाला विषय है कि आरोपी डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा साल 2008 और 2017 में भी बलात्कार व यौन हिंसा के मामलों में जेल की सलाखों के पीछे जा चुका है।

### किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता

दलित अधिकार मंच ने मांग की है कि दागी डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा को दोबारा नियुक्ति देने वाले नेताओं व अधिकारियों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई हो। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से रोजाना करके पीड़ता को जल्द से जल्द न्याय व आरोपी को कठोरतम सजा दी जाए। आरोपी डॉक्टर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत बिना किसी ढील के सख्त कार्रवाई हो। फतेहाबाद सहित प्रदेश के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के महिला व बाल वार्डों का तत्काल सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। महिला मरीजों की



रामकुमार बहबलपुरिया।

### बलदेव ग्रोहा बने अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार में नियुक्त किए गए हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन बलदेव सिंह ग्रोहा का पदग्रहण समारोह आज कल्याण भवन, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। नवनियुक्त चेयरमैन को पदभार ग्रहण करवाने के लिए भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, हांसी विधायक विनोद भ्याना, भाजपा फतेहाबाद के जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य, रतिया के पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, चेयरमैन राजपाल बैनीवाल तथा रोहताश जांगड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद ग्रोहा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा नेतृत्व एवं पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

# नीट पुन:परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

## 21 जून को 2526 परीक्षार्थी देंगे एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा 21 जून को नीट (यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक ली और तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में परीक्षा से जुड़े विभिन्न प्रबंधों, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधाओं तथा परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। एडीसी अर्पित संगल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एनटीए के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी तैयारियां समय पर पूरी करें। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 2,526 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सुबह 11 से दोपहर डेढ़ बजे तक एंट्री होगी।

### नीट परीक्षा केंद्रों के आसपास लागू रहेगी धारा



नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिलाधीश शांतनु शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास प्रतिबंध लागू करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 21 जून 2026 को परीक्षा के दौरान प्रभावी रहेंगे।जारी आदेशों के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में हथियार लेकर चलना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बिना अधिकृत पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।



### पीएम ने अनुच्छेद-370 को हटाकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड भारत का सपना किया साकार

**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। सांसद सुभाष बराला मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भी उपस्थित रहे। इससे पहले केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन राज्यसभा सांसद सुभाष बराला द्वारा किया गया। कउन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड भारत का सपना साकार किया है।

### नप ने शहर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**सिरसा।** जिला के शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने और नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को नगरपरिषद कर्मचारियों द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बरनाला रोड पर दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों और फल-सब्जी विक्रेताओं को डस्टबिन रखने तथा अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान भी चलाया गया। वहीं, नगर परिषद की टीमों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को कचरा सडक़ या गलियों में फेंकने के बजाय डस्टबिन में एकत्रित कर कचरा उठाने वाली गाड़ी में डालने के लिए प्रेरित किया गया।

### पेयजल की पाइपलाइन की समस्या को लेकर एसडीएम से मिले वार्डवासी

**रतिया।** शहर के वार्ड 4 के लोग बाबा तेजगिरि डेरा वाली मुख्य गली में पेयजल पाइपलाइन बदलवाने व गली पक्की करवाने की मांग को लेकर आज एसडीएम से मिले। उपमंडल अधिकारी ने वार्ड की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। वार्डवासियों ने बताया कि गली में पेयजल पाइपलाइन 25-30 साल पुरानी है और जगह-जगह लीकेज करता है। सीवरेज ओवरफ्लो होने व बरसात में सीवरेज का गंदा पानी पेयजल पाइप में मिक्स होकर नलकूपों में आता है। इससे 70-80 घरों के लोगों को परेशानियों का सामना की करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गली मुख्य रोड से नीची है और मुख्य रोड का लेवल ऊंचा होने के कारण बरसात व सीवरेज का पानी बाहर नहीं निकलता। 7-8 दिन तक गली तालाब बनी रहती है। इस गली से बाबा तेजगिरि डेरा में रोज सैंकड़ों श्रद्धालु आते हैं और महात्मा गांधी प्राथमिक विद्यालय के 150 से 200 बच्चे स्कूल जाते हैं। कीचड़ व गंदे पानी के कारण बच्चों व बुजुर्गों के गिरने का डर बना रहता है।



# 8 माह बाद लौटे बिछड़े रिश्ते, मां ने बच्चों को सीने से लगाया तो छलक पड़े आंसू, पिता से लिपट गए मासूम

दलबीर सिंह ▸▸| भूना

करीब आठ महीने पहले अपने परिवारों को छोड़कर साथ रहने चले गए एक शादीशुदा महिला और पुरुष की कहानी सोमवार को भावनात्मक मोड़ पर पहुंची। महिला पुलिस की समझाइश और काउंसलिंग के बाद दोनों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए अलग होने और अपने-अपने परिवारों के साथ दोबारा जीवन शुरू करने का फैसला किया। इस दौरान जो दृश्य सामने आए, उन्होंने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। सबसे मार्मिक पल तब आया, जब तीन बच्चों की मां अपने बच्चों के सामने पहुंची। लंबे समय बाद मां को देखकर बच्चे उससे लिपट गए और मां उन्हें सीने से लगाकर फूट-फूटकर रो पड़ी। उधर, जैसे ही पुरुष अपने घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर उसे अपना लिया और दोनों मासूम बच्चे पिता से लिपट गए। मिली जानकारी के अनुसार 14 अक्टूबर 2025 को 35 वर्षीय महिला अपने दो बच्चों को घर पर छोड़कर अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। वह अपने साथ छह वर्षीय बेटे को ले गई थी, जबकि 13 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय बेटे को घर पर छोड़ गई थी। दूसरी ओर, दो बच्चों का पिता भी अपनी पत्नी, सात माह के बेटे और दो वर्षीय बेटी को छोडक़र महिला के साथ चला गया था। महिला के पति ने मामले की शिकायत पुलिस को दी थी।

### बच्चों की मुस्कान बनी सबसे बड़ी जीत

करीब आठ महीने तक मां-बाप के प्यार से दूर रहे मासूम बच्चों के चेहरे पर उस समय खुशी लौट आई, जब उनका परिवार फिर से एक साथ खड़ा दिखाई दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी राहत बच्चों को मिली है, जिनके भविष्य को देखते हुए दोनों परिवारों ने रिश्तों को एक और मौका देने का निर्णय लिया।

### महिला एसआई सुषमा देवी ने की काउंसलिंग

लंबे समय तक कोई सुराग नहीं मिलने के बाद सोमवार को सूचना मिली कि दोनों पानीपत के सेक्टर-25 स्थित कृष्णा ग्राउंड क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम दोनों को भूना लेकर आई। यहां महिला सब-इंस्पेक्टर सुषमा देवी ने दोनों की विस्तार से काउंसलिंग की। बातचीत के दौरान दोनों ने महसूस किया कि उनके फैसले का सबसे ज्यादा असर मासूम बच्चों और परिवारों पर पड़ा है। इसके बाद उन्होंने एक-दूसरे से अलग होकर अपने-अपने परिवारों के साथ रहने तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं रखने का संकल्प लिया। महिला जब अपने पति और बच्चों से मिली तो उसकी आंखों से लगातार आंसू बहते रहे। वहीं पुरुष की पत्नी ने भी रिश्ते को दूसरा मौका देते हुए कहा कि बीती बातों को पीछे छोडक़र परिवार अब नई शुरुआत करेगा।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल स्टोर पर छापेमारी नशीली गोलियां बरामद

**ओढां।** सीआईए डबवाली ने गांव ओढां स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर नशीली दवाइयों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए स्टाफ डबवाली प्रभारी पीएसआई सतपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव ओढां स्थित शिव मेडिकोज पर रेड की। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर से 260 टेम्पेंटाडोल गोलियां तथा 261 सिग्नेचर कैप्सूल बरामद किए। ड्रग कंट्रोल ऑफिसर सिरसा केशव वशिष्ठ को मौका पर बुलाकर जांच की गई। निरीक्षण में मेडिकल में मौजूद सेल्समैन साहिल ने उक्त दवाइयों के संबंध में संतोषजनक रिकॉर्ड एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

### 17 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त के दौरान रानियां क्षेत्र से एक युवक को 17 ग्राम 30 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की पुलिस टीम गश्त एवं चैकिंग के दौरान नामधारी मोहल्ला रानियां की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक युवक कंधे पर पीठू बैग लेकर पैदल आता दिखाई दिया। युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी देखकर अचानक मुडक़र वापस जाने का प्रयास किया। पुलिस टीम शक के आधार पर युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसके पीठू बैग की तलाशी ली तो उसके कब्जा से 17 ग्राम 30 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### तीन युवक आधा किलो अफीम सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गांव बालासर क्षेत्र से एक कार सवार तीन युवकों को 508 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव बालासर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार के ड्राइवर ने पुलिस वाहन को देखकर अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया। हालांकि, कार अचानक बंद हो गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कार सवार तीनों युवकों को तुरंत काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो कार के डैशबोर्ड से 508 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### तनाव की रामबाण दवा है योगः योगाचार्य नरेंद्र

**सिरसा।** श्रीमत सिटी सेंटर की ओर से रेलवे पार्क में आयोजित किए जा रहे साप्ताहिक योग शिविर के दूसरे दिन शहर के प्रमुख हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार डूमरा ने मुख्यातिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने योग शिविर के आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। योग शिविर में महात्मा बुद्ध योग संस्थान के योगाचार्य नरेंद्र योगी ने पाचन शक्ति के लिए वज्रासन, मंडूकासन, शशंकासन, योग मुद्रासन, कपाल भाति एवं भ्रामरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योगाचार्य नरेंद्र योगी ने कहा कि योग का अर्थ जोडऩा होता है, ऐसे में हर योग साधक दूसरे को योग करने के लिए प्रेरित करें।

## सरपंच रोशनी की अगुवाई में चार गांवों के लोग डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन

# तीन हजार एकड़ को डुबाने वाली 5.26 करोड़ की ड्रेन योजना 3 साल बाद भी अधूरी

- प्रशासन के खिलाफ चार गावों के लोगों ने खोला मोर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

सरकारें बदलती हैं, विधायक बदलते हैं, लेकिन किसानों की तकदीर नहीं बदलती। इसकी जीती-जागती मिसाल जिला फतेहाबाद का खाबड़ा कलां क्षेत्र है, जहां सेम और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए शुरू हुई 5 करोड़ 26 लाख रुपये की भूमिगत पाइपलाइन परियोजना विभागीय लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ चुकी है। तीन साल बीत जाने के बाद भी परियोजना का काम अधूरा लटका है, जिससे खफा खाबड़ा कलां, खाबड़ा खुर्द, गदली और ढाबी कलां के सैकड़ों किसानों ने अब आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। मंगलवार को ग्राम पंचायत खाबड़ा कलां की सरपंच रोशनी देवी की अगुवाई में क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और डीसी फतेहाबाद को एक प्रशासनिक ज्ञापन सौंपकर पाइपलाइन का काम युद्धस्तर पर पूरा कराने की मांग की।



फतेहाबाद। अधूरी पाइपलाइन को पूरा करने की मांग करते किसान। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने 6 मई 2023 को किया था शुभारंभ

किसानों ने बताया कि क्षेत्र की हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि को सेम से बचाने के लिए सिंचाई विभाग, हरियाणा द्वारा इस विशेष अंडरग्राउंड पाइपलाइन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी। इस पाइपलाइन को हिसार घग्गर ड्रेन से जोड़ा जाना था ताकि खेतों में खड़ा पानी आसानी से निकाला जा सके। बकायदा 6 मई 2023 को तत्कालीन विधायक द्वारा बड़े लाव-लश्कर के साथ इसका शिलान्यास किया गया था, लेकिन शिलान्यास के बाद से ही कछुआ गति से चल रहा यह काम आज तक पूरा नहीं हो पाया।

### बंजर हो रही जमीन, दाने-दाने को मोहताज

ग्रामीणों ने बेहद रोष जताते हुए कहा कि काम बीच में रुकने से इन चार गांवों की लगभग 3000 एकड़ सबसे उपजाऊ कृषि भूमि दलदल और जलभराव के टापू में तब्दील हो चुकी है। हजारों एकड़ जमीन धीरे-धीरे पूरी तरह बंजर हो रही है। किसान खेतों में बीज डालने तक की स्थिति में नहीं हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक और मानसिक प्रताडऩा झेलनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि सरकार एक तरफ दावों के बड़े-बड़े पुल बांधती है, वहीं दूसरी तरफ करोड़ों की योजनाएं फाइलों और अधूरे गड्ढों में दम तोड़ रही हैं।

### स्थायी समाधान न हुआ तो होगा उग्र आंदोलन

मामले पर खाबड़ा कलां की सरपंच रोशनी देवी, किसान नेता सतबीर सिंह और ज्ञानी राम ने कहा कि यह अब केवल खेतों का नहीं, बल्कि किसानों के अस्तित्व का सवाल है। उन्होंने प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि किसान हित को ध्यान में रखते हुए इस पाइपलाइन परियोजना का शेष कार्य अविलंब पूरा कराया जाए ताकि प्रभावित जमीन को दोबारा खेती योग्य बनाया जा सके। अगर जल्द ही इस पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो समूचा क्षेत्र बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा।

### ये किसान रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सरपंच रोशनी देवी, सतबीर सिंह, ज्ञानी राम, सोहन लाल, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, बीरबल लाल, कुलबीर सिंह, महेन्द्र सिंह, बलबीर सिंह, दारा सिंह, रामचन्द्र, रणबीर सिंह, राम सिंह, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, रामनिवास, सुजात सिंह, राजेश, भूप सिंह, वजिर सिंह, इंद्रपाल, प्रद्युमन, नवीन कुमार, रामजीलाल, ओमप्रकाश, प्यारे लाल, सुरेन्द्र कुमार, संजय कुमार, रामफल, मनीराम, जगदीप, मांगेराम, रघुवीर सिंह, राजेन्द्र, हरि सिंह, ओम भाम्बू, छोटू सिहाग, बलराज, गोपाल, विनोद कुमार, संजय सुखाविन्द्र, सतपाल, सज्जन कुमार, रणधीर सिंह आदि रहे।

# स्वास्थ्य सेवा का उदाहरण बना आरबीएसके डीईआईसी



सिरसा। परिवार के साथ आरबीएसके डीईआईसी टीम। फोटो : हरिभूमि

- कपिता के बाद अब बेटी की भी करवाई हृदय सर्जरी, परिवार ने जताया आभार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) डीईआईसी सिरसा ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक अनूठा और प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। आरबीएसके टीम ने एक ही परिवार की दो पीढियों को समय पर इलाज उपलब्ध करवाकर यह साबित कर दिया है कि स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं केवल वर्तमान ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढय़ों के भविष्य को भी सुरक्षित करने का काम कर रही हैं। जानकारी के अनुसार, करीब सात वर्ष पूर्व 30 अक्टूबर 2017 को आरबीएसके सिरसा की टीम ने 18 वर्षीय सतनाम सिंह के हृदय में छेद (वीएसडी) की गंभीर समस्या का सफल इलाज करवाया था। उस समय सतनाम सिंह की सर्जरी जयपुर में करवाई गई थी। सतनाम सिंह की पांच माह की बेटी कीरत में भी हृदय संबंधी बीमारी सामने आई। आरबीएसके डीईआईसी सिरसा की टीम ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत आवश्यक प्रक्रिया पूरी करवाई और 15 जून 2026 को नन्हीं कीरत की भी सफल सर्जरी उसी अस्पताल में संपन्न करवाई गई। इस उपलब्धि को लेकर आरबीएसके सिरसा की टीम ने इसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्वास्थ्य सेवा का प्रतीक बताया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह जनता के स्वास्थ्य विभाग पर बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। एक ही परिवार में पिता से लेकर बेटी तक सफल इलाज होना आरबीएसके की कार्यशैली और समर्पण को दर्शाता है।

#### आभार किया व्यक्त

इस सफलता पर सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार, डॉ. संदीप, डॉ. भारत भूषण, डॉ. अंकुर व आरबीएसके टीम ने स्टेट हेडक्वार्टर (एसएचक्यू) और जिला स्तर की पूरी टीम का विशेष आभार व्यक्त किया। टीम का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन, सहयोग और त्वरित कार्रवाई के चलते ही यह संभव हो सका।

# योग मानसिक शांति व सकारात्मक ऊर्जा का करता है संचार : शेरडिया

- माखोसरानी में साप्तहिक योग शिविर संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा**

पतंजलि योग समिति की ओर से गांव माखोसरानी में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। यह शिविर गोविंदम देसी काउ डेयरी फार्म की ओर से आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। शिविर की शुरूआत सुरेश शेरडिया द्वारा की गई थी। सात दिनों तक चले इस योग शिविर में गांव के लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी गई। समापन अवसर पर पतंजलि के सह राज्य प्रभारी विनोद ने उपस्थित लोगों को योगा यास कराया तथा नियमित योग करने के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। शिविर में माखोसरानी गांव के सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और योग की विभिन्न विधियों को सीखा।



चोपटा। शिविर में योग करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# स्टेट स्कूली शूटिंग चैंपियनशिप में किंजल ने जीता रजत पदक

- तेजस स्पोटर्स अकादमी के शूटर्स ने 10, 25 व 50 मीटर में लिया भाग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा**

दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित हरियाणा स्टेट व हरियाणा इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में तेजस स्पोट्र्स शूटिंग अकादमी के होनहार शूटरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले व अकादमी का नाम रोशन किया। संचालक हरजोत सिंह रंधावा व कोच हरप्रीत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अकादमी के बच्चों ने 10 मीटर , 25 मीटर व 50 मीटर राइफल व पिस्टल में प्रतिभागिता की। राइफल गल्र्स में स्कूल स्टेट में किंजल ने शानदार निशाने से रजत पदक हासिल कर जिले व अकादमी को गौरवांवित किया। इसके अलावा आमीष, सुमन, सविता, रोहिणी, चारू, चंचल, मनीष, वरुण, आरव, वंशिका, कनिका, हेमंत, वंशु, योगेश, विपुल, सीरत, कविश, कपिश ने भी प्रतिभागिता की और सभी बच्चों ने प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने किंजल को रजत पदक जीतने व अन्य प्रतिभागियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।



पदक विजेता किंजल।

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों ने जाना भारतीय लोकतंत्र का इतिहास

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएजेएमसी विभाग के विद्यार्थियों ने संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका शर्मा तथा सहायक प्राध्यापक ललित पोपली विद्यार्थियों के साथ मौजूद थे। डॉ. दीपिका शर्मा ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र, कला, संस्कृति एवं संसदीय व्यवस्था के प्रति जागरूक करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संसद भवन की भव्य वास्तुकला, आधुनिक डिजाइनों तथा भारतीय संस्कृति और विरासत को दर्शाने वाली कलाकृतियों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने संसद भवन के भीतर स्थापित विभिन्न थीम आधारित दीर्घाओं, ऐतिहासिक चित्रों, भित्ति चित्रों एवं कला प्रदर्शनी को बड़े उत्साह एवं रुचि के साथ देखा।

### भाजपा सरकार के दावों, हकीकत में बड़ा अंतरः शर्मा

**सिरसा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार केवल विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर विकास कहीं दिखाई नहीं देता। शर्मा ने मंगलवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि शहर की बदहाल स्थिति सरकार के दावों की पोल खोल रही है। जगह-जगह सडक़ें टूटी हुई हैं, जिनके कारण लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर गड्ढों की वजह से वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। राजकुमार शर्मा ने कहा कि शहर की सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। अनेक क्षेत्रों में सीवरेज ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सडक़ों पर बह रहा है, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, लेकिन

### नियमितीकरण की मांग पर 21 व 23 जून को मंत्रियों के आवास पर अध्यापक करेंगे प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों में लंबे समय से कार्यरत अतिथि अध्यापकों को जल्द पक्का करने की मांग को लेकर शिक्षक लामबंद होने लगे हैं। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने आगामी 21 और 23 जून को होने वाले राज्यव्यापी प्रदर्शनों को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। इसके तहत 21 जून को पानीपत में शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय और 23 जून को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय का घेराव किया जाएगा। संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा और राज्य उपमहासचिव कृष्ण सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के स्पष्ट फैसलों के बावजूद सरकार नियमित करने में टालमटोल कर रही है।

### अभय चौटाला की गाड़ी में लिमिट से ज्यादा तेल डालने पर पंप को नोटिस एवं सप्लाई की बंद

**सिरसा।** इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह की गाड़ी में पेट्रोल डालने पर एक पंप संचालक को नोटिस जारी हो गया। यहां तक कि कंपनी ने पंप की तेल सप्लाई तक रोक दी। बाद में अभय चौटाला ने स्वयं कंपनी में डीलिंग अफसरों से बात की। जानकारी अनुसार यह मामला सिरसा जिले के डबवाली में गोल चौक स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का है। सप्लाई रोकने के बाद पंप ऑनर को मेल आदि करनी पड़ी और तेल कंपनी में अफसरों से बात की तो मुश्किल से सप्लाई शुरू हुई। दरअसल, पंप ऑनर संदीप चौधरी अभय चौटाला का दूर के रिश्ते में भतीजा लगता है और उनके करीबियों में से एक है। अक्सर कई बार उनके साथ देखने को मिलते हैं।

# भरोखा की वंशिका एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयनित

- तीन जुलाई से जकार्ता में होने वाली चैंपियनशिप में लेगी भाग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा**

नेशनल कैंप बॉक्सिंग ट्रायल में गांव भरोखा की बेटी वंशिका ने अपने शानदार पंच से एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। वंशिका अब 3 जुलाई को जकार्ता (इंडोनेशिया) में होने वाली नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी, जोकि जिले व गांव के लिए गौरव का क्षण है। वंशिका के बॉक्सिंग कोच राहुल शर्मा ने वंशिका को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वंशिका की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और बॉक्सिंग के प्रति जुनून का परिणाम है। अपनी मेहनत से वंशिका ने अपने परिवार, कोच और समर्थकों का नाम रोशन कर पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। उन्होंने कहा कि वंशिका एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत के लिए पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाएंगी।



सिरसा। पदक विजेता वंशिका। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों को ब्रेन रोटिंग की समस्या और बचाव के प्रति किया जागरूक

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से बोध विषय पर क्विट करो पहल के तहत विषय पर हुई कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से बोध विषय पर क्विट करो पहल के तहत बच्चों को ब्रेन रोटिंग की समस्या व बचाव के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें युवाओं को बढ़ते डिजिटल के खतरों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मोबाइल के संतुलित उपयोग पर बल देते हुए बताया कि अनावश्यक कंटेंट के अत्यधिक प्रयोग से ब्रेन रोटिंग की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे एकाग्रता व निर्णय क्षमता प्रभावित होती है। रोज व सिमरन ने बताया कि समाधान के रूप में सीमित स्क्रीन टाइम, सोशल मीडिया और नियमित डिजिटल ब्रेक अपनाने की सलाह दी गई। सत्या ने बताया कि अत्यधिक फोन उपयोग से ब्रेन के ग्रे मैटर में बदलाव, डोपामिन असंतुलन तथा ध्यान, इमोशनल कंट्रोल व निर्णय क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। प्रिया, नीतू ने ड्रग्स के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। नशे से हमारे स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इस मौके पर साध्वी संतोष भारती मौजूद रहीं।



सिरसा। नशे के खिलाफ हस्ताक्षर करते हुए।

### त्योहार के रूप में मनाए विश्व योग दिवस : चौहान

चोपटा। नाथूसरी चौपटा में महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण विभाग के नेतृत्व में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चौपटा के प्रांगण में मिशन वात्सल्य गाइडलाइन तहत पोक्सो एक्ट 2012, जेजे एक्ट के बारे जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जागरूकता कैंप में जिला बाल संरक्षण विभाग से मुख्य वक्ता प्रदीप कुमार ने शिरकत की। मुख्य वक्ता ने आईटीआई संस्थान के छात्र-छात्राओं को जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से बच्चों के हितों व संरक्षण में चलाई जा रही अनेकों जनकल्याण सेवाओं के बारे अवगत करवाया। इसके साथ-साथ प्रदीप चौहान ने सभी उपस्थित संस्थान के स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने की अपील की, साथ ही सभी विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत करवाया।मुख्य वक्ता प्रदीप चौहान ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हमें त्योहार के रूप में मनाया जाना चाहिए, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में सभी विद्यार्थियों को बढ़-चढक़र हिस्सा लेने के लिए भी प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## पंचनद सेवा ट्रस्ट ने किया प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का भव्य स्वागत

# पंजाबी समुदाय का इतिहास पुरुषार्थ व त्याग का प्रतीक : डॉ. गुप्ता

*निस्वार्थ भाव से की गई सेवा सच्ची मानव सेवा, ट्रस्ट इसी दिशा में कर रहा कार्य*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के फतेहाबाद आगमन पर पंचनद सेवा ट्रस्ट द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। पंचनद सेवा सदन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और प्रदेशाध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पंचनद सेवा सदन के प्रधान किशोरी लाल नारंग, अनिल असीजा, नरेन्द्र चाणना, राधेश्याम नारंग, वेद नारंग, अशोक बत्रा और सुरेन्द्र मिढ़ा सहित संस्था के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को फूलों के बुक्के भेंट किए और शॉल ओढ़ाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह के दौरान डॉ. अर्चना गुप्ता ने पंचनद सेवा सदन द्वारा जनकल्याण कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्ची मानव सेवा है और पंचनद सेवा ट्रस्ट इस दिशा में काम कर रहा है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि पंजाबी समुदाय का इतिहास पुरुषार्थ, त्याग और जीवंतता का प्रतीक रहा है।





फतेहाबाद। डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते पंचनद सेवा ट्रस्ट के सदस्य व आईएमए से जुड़े चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### आईएमए फतेहाबाद ने किया भाजपा की

**फतेहाबाद।** भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता के सम्मान में दीप होटल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फतेहाबाद द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलेभर के अनेक चिकित्सकों ने शिरकत कर नई प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, पूर्व विधायक दुड़ाराम, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, रतिया विधायक जरनैल सिंह, चेयरमैन राजपाल बेनीवाल, चेयरमैन बलदेव ग्रोहा, चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा, पूर्व विधायक प्रो. रविन्द्र बलियाला विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने किया

**फतेहाबाद।** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के फतेहाबाद आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का ढोल-नगाड़ों, फूलों के हार और गगनभेदी नारों के साथ गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में सांगठनिक मजबूती और पर्यावरण संरक्षण की एक नई अलख देखने को मिली। वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने एक नई और सकारात्मक परंपरा की शुरुआत की।